
गया हवाई अड्ढे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ ने संदिग्ध सोने का बिस्कुट किया बरामद

गया, 28 अक्टूबर 2026रू उच्च स्तरीय सतर्कता और पेशेवर निगरानी का उत्कृष्ट परिचय देते हुए, गया हवाई अड्ढे पर तैनात केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने आज नियमित प्री-एम्बार्कशन सुरक्षा जांचके दौरान





तस्करीका संदिग्ध सोना बरामद किया। बुधवार को लगभग 11.40 बजे, गया हवाई अड्ढे के घरेलू सुरक्षा होल्ड क्षेत्र में इंडिगोकी घरेलू उड़ानसे कोलकाता जाने वाले एक यात्री ने अपने हैंड बैगेज को प्री-एम्बार्कशन सुरक्षा जांच बिंदु पर स्क्रीनिंग के लिए रखा। एक्स-रे बैगेज निरीक्षण प्रणालीके दौरान, डड्यूटी पर तैनात सतर्क सीआईएसएफ स्क्रीनरने बैग के भीतर छिपी एक असामान्य सघन धात्विक वस्तु की छवि देखी और तुरंत उस बैग को गहन भौतिक जांचके लिए अलग किया।

बैगेजकी विस्तृत जांच करने पर, लगभग 110 ग्राम वजनी बिस्कुट के आकार की सुनहरे रंगकी एक धात्विक वस्तु बरामद हुई, जिसके सोना होनेका संदेह है। यात्री इसके संबंधमें कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

त्वरित अंतर-एजेंसी समन्वय का प्रदर्शन करते हुए, सीआईएसएफ एएसजी गया के क्राइम इंटेलिजेंस विंग ने तत्काल गया एवं पटना स्थित आयकर विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में सूचित किया। इसके साथ ही, त्वरित कार्रवाई हेतु सीआईएसएफ एएसजी कोलकाताको भी अग्रिम सूचना साझा की गई। विमान के कोलकाता हवाई अड्ढे पर पहुंचने पर, आयकर विभागके अधिकारियों द्वारा उक्त यात्री को वैधानिक प्रक्रियाओंके तहत हिरासत में ले लिया गया तथा आगे की आवश्यक जांच शुरू कर दी गई। सीआईएसएफ द्वारा की गई यह त्वरित बरामदगी और एजेंसियों के बीच सटीक समन्वय, देश के नागरिक उड्डयन नेटवर्क में बलके कड़े प्रवेश नियंत्रण, चौबीसों घंटेकी सतर्कता और शून्य-त्रुटि सुरक्षा व्यवस्था के प्रति खरढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

एयरफोर्स में चयनित युवक का पेड़ से लटका मिला शव

इमामगंज (संसू)। एयरफोर्स में चयनित 20 वर्षीय युवक का शव बुधवार को पेड़ से लटका मिला। शव को कोठी



पुलिसने बरामद कर पोस्टमार्टमके लिए मगध मेडिकल कालेज भेजा दिया है। वहीं बेटे से परिवार को बेहतर भविष्य की उम्मीद थी। उसकी इस तरह मौतसे पूरे गांवमें मातम पसरा हुआ है। मृतक की पहचान कोठी थाना क्षेत्रके रोंधा गांव निवासी चंद्रशेखर आजादके पुत्र अंकित कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही कोठी थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कालेज गया भेज दिया। ग्रामीणोंके अनुसार अंकित पटनामें रहता था। बुधवारको उसने अपनी मां से मकान मालिक को किराया देने के लिए दो हजार रुपये लिए थे। इमामगंज गया और मकान मालिक को किराए के रुपये भेज था और कुछ ही देर बाद उसका शव पेड़ से लटका मिलने की सूचना परिजनों को मिली। बेटेकी मौतकी खबर सुनते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। वहीं घटनाके बाद गांवमें शोक का माहौल है। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि शवको पोस्टमार्टमके लिए भेज दिया गया है। युवक की मौत हत्या है या आत्महत्या पुलिस दोनों बिंदुओंपर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांचके बाद ही मौतके कारणोंका स्पष्ट पता चल सकेगा।

बाल विवाह उन्मूलन के लिए जागरुकता रथ रवाना

आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिकाओं को मिला विशेष प्रशिक्षण

गयाजी। समाजसे बाल विवाह जैसी कुप्रथाको जड़से उखाड़ फेंकने के लिए प्रशासनिक स्तरपर गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में नगर प्रखंड सभागार भवनमें महिला एवं बाल विकास निगम और कवच परियोजना के संयुक्त तत्वावधान में आंगनवाड़ी पर्यवेक्षिकाओं का एक दिवसीय अनुमंडल स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का मुख्य केंद्र-बिंदु बाल विवाह उन्मूलन और बाल संरक्षण सुनिश्चित करना रहा।

कार्यक्रमका विधिवत शुभारंभ करते हुए महिला विकास निगम की जिला परियोजना प्रबंधक जयवंती कुमारी ने विशेष जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ गया जिले की विभिन्न पंचायतों का सघन भ्रमण करेगा, जिसके माध्यमसे ग्रामीणोंको बाल विवाहके गंभीर दुष्परिणामों, इसके रोकथामके कानूनी उपायों और बच्चोंके अधिकारोंके प्रति जागरूक किया जाएगा।

प्रशिक्षण सत्रके दौरान नगर, चंदौती, मानपुर, बेलागंज, वजीरगंज, टनकुप्पा और बोधगया प्रखंडसे आईं पर्यवेक्षिकाओं को बाल विवाह की पहचान करने और उसकी रोकथामकी कार्य-प्रणालीका बारीकी से प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें सख्त निर्देश दिए गए कि यदि कहीं से भी बाल विवाहकी सूचना मिलती है, तो वे तुरंत पंचायत बाल संरक्षण समिति, चाइल्ड हेल्प डेस्क, बीडीओ, सीडीपीओ या एसडीओको सूचित करें, ताकि समय रहते आवश्यक कानूनी कार्रवाईकी जा सके। प्रशिक्षण में सेविकाओं और पर्यवेक्षिकाओं से यह भी आहवान किया गया कि वे जरूरतमंद व संवेदनशील बच्चों को चिह्नित कर उन्हें सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें। इसके अलावा, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम तथा विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई।

सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
बी-60, सूरजकुण्ड-गोरखपुर

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद की विकास नगर आवासीय योजना, लच्छीपुर, गोरखपुर में आवासीय भूखण्ड संख्या 178E एरिया 283.5 वर्गमीटर श्री शत्रुघ्न तिवारी पुत्र स्व. द्वारिका तिवारी निवासी ग्राम घुरघाट, पोस्ट गंगपुर सिसवन, जिला सिवान को आवंटित था। इसकी रजिस्ट्री दिनांक 22-08-2000 को उनके पक्ष में कर दी गयी है। श्री शत्रुघ्न तिवारी की मृत्यु के पश्चात् उनके पुत्रगण श्री देवकृष्ण तिवारी, कामाख्या नारायण तिवारी एवं आशुतोष तिवारी ने उक्त भूखण्ड का पंजीकृत बैनामा दिनांक 25-01-2022 को श्री उदित टेकडीवाल पुत्र श्री संदीपकुमार टेकडीवाल के पक्ष में कर दिया।

वर्तमान में उक्त भूखण्ड संख्या 178E के क्रेता उपरोक्त श्री उदित टेकडीवाल ने अपने आवेदन पत्र द्वारा अपने दस्तावेज की प्रति संलग्न करते हुए अपने द्वारा किये गये क्रय विलेख दिनांक 25-01-2022 के आधार पर नामान्तरण का अनुरोध किया है।

यदि किसी हितबंध व्यक्ति को उक्त भूखण्ड के नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर संगत साक्ष्यों एवं अभिलेखों के सहित अपनी आपत्ति शिवं सहकारी आवास समिति लि. के सुनन्दा टावर, बैंक रोड, गोरखपुर में स्थित कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा नामान्तरण की कार्यवाही श्री उदित टेकडीवाल पुत्र श्री संदीप कुमार टेकडीवाल के पक्ष में कर दी जायेगी तथा भविष्य में प्राप्त होने वाली कोई भी शिकायत परिषद/समिति को मान्य नहीं होगी तथा उक्त नामान्तरण परिषद/समिति उत्तरदायी नहीं होगी बल्कि पूर्णरूप से श्री उदित टेकडीवाल उत्तरदायी होंगी।

सचिव

सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय
उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद
बी-60, सूरजकुण्ड-गोरखपुर

आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद की विकास नगर आवासीय योजना, लच्छीपुर, गोरखपुर में आवासीय भूखण्ड संख्या 179E एरिया 283.5 वर्गमीटर श्री शत्रुघ्न तिवारी पुत्र स्व. द्वारिका तिवारी निवासी ग्राम घुरघाट, पोस्ट गंगपुर सिसवन, जिला सिवान को आवंटित था। इसकी रजिस्ट्री दिनांक 22-09-2000 को उनके पक्ष में कर दी गयी है। श्री शत्रुघ्न तिवारी की मृत्यु दिनांक 17-09-2016 को हो गयी है। श्री शत्रुघ्न तिवारी की मृत्यु के पश्चात उनके पुत्रगण श्री देवकृष्ण तिवारी, कामाख्या नारायण तिवारी एवं आशुतोष तिवारी ने उक्त भूखण्ड का पंजीकृत बैनामा दिनांक 25-01-2022 को श्रीमती सरिता टेकड़ीवाल पत्नी श्री संदीप कुमार टेकड़ीवाल के पक्ष में कर दिया।


वर्तमान में उक्त भूखण्ड संख्या 179E की क्रेता उपरोक्त श्रीमती सरिता टेकड़ीवाल ने अपने आवेदन पत्र द्वारा अपने दस्तावेज की प्रति संलग्न करते हुए अपने द्वारा किये गये क्रय विलेख दिनांक 25-01-2022 के आधार पर नामान्तरण का अनुरोध किया है।

यदि किसी हितबंध व्यक्ति को उक्त भूखण्ड के नामान्तरण के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो विज्ञापन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर संगत साक्ष्यों एवं अभिलेखों के सहित अपनी आपत्ति शिवं सहकारी आवास समिति लि. के सुनन्दा टावर, बैंक रोड, गोरखपुर में स्थित कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा नामान्तरण की कार्यवाही श्रीमती सरिता टेकड़ीवाल पत्नी श्री संदीप कुमार टेकडीवाल के पक्ष में कर दी जायेगी तथा भविष्य में प्राप्त होने वाली कोई भी शिकायत परिषद/समिति को मान्य नहीं होगी तथा उक्त नामान्तरण हेतु परिषद/समिति उत्तरदायी नहीं होगी बल्कि पूर्णरूप से श्रीमती सरिता टेकडीवाल उत्तरदायी होंगी।

सचिव

4 को भाजपा करेगी पदयात्रा, विपक्ष के प्रति जनता को करेगी जागरूक

गयाजी। बोधगया स्थित डेल्टा होटल में भारतीय जनता पार्टी गया जिला की संयुक्त कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता विजय कुमार मांझी और प्रेम प्रकाश चिंटू ने संयुक्त रूप से की। मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा एवं नितिन अभिषेक उपस्थित रहे। बैठकको संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री धनराज शर्मा ने कहा कि आगामी 4 नवंबर को गया के ऐतिहासिक गांधी मैदान से आजाद पार्क तक एक भव्य पदयात्रा निकाली जाएगी। इस पदयात्रा में जिले भर से भाजपा के 10 हजार से अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस



पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य समाजमें यह संदेश देना है कि विपक्ष द्वारा देशमें दिए जा रहे धरने और प्रदर्शन देशविरोधी गतिविधियों का हिस्सा हैं। विपक्ष देश की लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार का तख्तापलट करनेकी साजिश रच रहा है और जनता के जनादेश का अपमान कर रहा है। भाजपा कार्यकर्ता 'लोकतंत्र बचाओ और अराजकता हटाओ' के नारे के साथ सड़कोंपर उतरेंगे और जनता को जागरूक करेंगे।

बैठक में मुख्य रूपसे पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल स्वामी, ललिता सिंह,पप्पू चंद्रवंशी, विनोद सिंह, कौशल वर्मा, संजीव पाठक, गजेंद्र दास, सुनील सिन्हा, अजय कुमार तन्नी, सुधांशु मिश्रा, विकास कुमार, अनुज सिंह,मिथिलेश माँझी, वैभव सिंह, अमर शेखर, करुण सिंह, निकम मिश्रा, रौनक सरदार, निरंजन कुमार , मुन्ना, अभिषेक सिंह, रणजीत कुमार सिंह एवं अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, मोतिहारी
(E-mail Id:-ee.motihari.bcd@gmail.com)

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 1311 (अनु0) दिनांक – 12/10/.2026 एवं सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना का पी0 आर0 सं0 013580 (BCD) 2026–27 के द्वारा विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित पुनः अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –16/2026–27 के निविदा में अंकित कंडिका संख्या 23 को विलोपित करते हुए निम्नांकित शर्त को अधिरोपित किया जाता है :–

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के आदेश ज्ञापांक – 9803(भ), दिनांक– 15.10.2026 के अनुपालन में निविदाओं में परिमाण विपत्र से 10 प्रतिशत से ज्यादा कम दर उद्धत रहने पर निविदायें अमान्य मानी जायेगी।

परिमाण विपत्र के दर से नीचे अंकित निविदित दर दिये जाने की स्थिति में अतिरिक्त कार्य प्रतिभू अतिरिक्त परफॉरमेन्श ग्रान्टी **(Additional Performance Guarantee)** नियमानुकुल देय होगा।

(क) परिमाण विपत्र की दर से 0 से 05 प्रतिशत कम उद्धत दर निविदा के लिए 0.25% अतिरिक्त कार्य प्रतिभू **(Additional Performance Guarantee)** प्रति एक प्रतिशत उद्धत दर के लिए ली जाएगी।

(ख) परिमाण विपत्र की दर से 05 से 10 प्रतिशत कम उद्धत दर निविदा के लिए 0.5% अतिरिक्त कार्य प्रतिभू **(Additional Performance Guarantee)** प्रति एक प्रतिशत उद्धत दर के लिए ली जाएगी।

नोट – **शेष शर्तें यथावत् रहेगी।**

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, मोतिहारी

PR- 014247 (BCD) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

बिहार सरकार

कार्यालय : जिला कृषि पदाधिकारी, सारण, छपरा
बाजार समिति प्रांगण, कृषि भवन, छपरा 841301
मोबाईल नं0- 9031645872, दूरभाष सं0– 06152–248042, ई0मेल- dao-cha-bih@nic.in

–: अल्पकालीन निविदा प्रारूप :–

हरिहर क्षेत्र सोनपुर मेला वर्ष 2026 का आयोजन दिनांक 22.11.2026 से प्रारंभ होना प्रस्तावित है। अस्थायी बिजली आपूर्ति से सम्बन्धित सामग्री भाड़े पर ली जायेगी। मेला अवधि के लिए सामग्री का दर निर्धारण करने हेतु दिनांक 04.11.2026को पूर्वाहन 11:00 बजे पूर्वाहन तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अलग–अलग मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। सक्षम निविदादाता निर्धारित समय तक निविदा कर सकते हैं।

प्राप्त निविदा दिनांक 04.11.2026 को 01:30 बजे मध्याहन में कृषि निदेशक, बिहार, पटना के द्वारा गठित समिति के समक्ष संयुक्त निदेशक (शश्य) सारण प्रमण्डल, छपरा के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी।

सोनपुर मेला 2026 में विद्युत संबंधित आपूर्ति किये जाने वाली सामग्रियों की सूची :–

क्र0	सामग्रियों का नाम	सामग्रियों का दर (मेला अवधि के लिए)
1	मेनस्विच	प्रति मेनस्विच (मेला अवधि के लिए)
2	मेनसरकिट	प्रति मेनसरकिट (मेला अवधि के लिए)
3	एल0 ई0 डी0 बल्ब– 30/90 वाट	प्रति एल0 ई0 डी0 बल्ब (मेला अवधि के लिए)
4	मेन रनिंग तार	प्रति मीटर (मेला अवधि के लिए)
5	बेड स्विच	प्रति बेड स्विच (मेला अवधि के लिए)
6	प्लग (थ्री पिन)	प्रति प्लग (मेला अवधि के लिए)
7	एल0 ई0 डी0 बल्ब 09 एवं 18 वाट (लाईट पावर सेवर)	प्रति एल0 ई0 डी0 बल्ब (मेला अवधि के लिए)
8	जेनरेटर सेट तेल सहित–25 के0 वी0 (साउण्डलेस)	प्रति जेनरेटरे सेट (मेला अवधि के लिए)
9	फ्लड लाईट	प्रति फ्लड लाईट (मेला अवधि के लिए)
10	एल0 ई0 डी0 सोडियम लाईट–500 वाट	प्रति सोडियम लाईट (मेला अवधि के लिए)
11	एल0 ई0 डी0/सोडियम लाईट–1000 वाट	प्रति सोडियम लाईट (मेला अवधि के लिए)
12	एल0 ई0 डी0/हैलोजन लाईट–1000 वाट	प्रति हैलोजन लाईट (मेला अवधि के लिए)
13	एल0 ई0 डी0/हैलोजन लाईट–500 वाट	प्रति हैलोजन लाईट (मेला अवधि के लिए)
14	चार्जिंग प्वांइट	प्रति अदद (मेला अवधि के लिए)
15	लाउडस्पीकर– पूरा सेट कॉर्डलेस माईक बैट्री के साथ	प्रति लाउडस्पीकर सेट (मेला अवधि के लिए)
16	शो लाईट–प्रति 1000	प्रति 1000 फीट (मेला अवधि के लिए)
17	पंखा–प्रति अदद	प्रति पंखा (मेला अवधि के लिए)
18	कम्प्लेक्स लाइट–प्रति अदद	प्रति कम्प्लेक्स लाइट (मेला अवधि के लिए)
19	बॉक्स लाईट–प्रति अदद	प्रति बॉक्स लाईट (मेला अवधि के लिए)
20	झालर प्रति वर्ग फीट	प्रति वर्ग फीट (मेला अवधि के लिए)
21	एल0 ई0 डी0 टी0वी0 (12x8फीट) या (12x10फीट)	प्रति अदद (मेला अवधि के लिए)
22	विडियोग्राफी	प्रति अदद (मेला अवधि के लिए)
23	सी0सी0टी0वी0 कैमरा	प्रति अदद (मेला अवधि के लिए)

जिला कृषि पदाधिकारी,
सारण, छपरा

PR. No. 014339 (Agriculture) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

स्कूल जाने के बाद लापता हुई युवती बरामद, गाजियाबाद का युवक गिरफ्तार

शेरघाटी (आससे)। शेरघाटीमें युवती के लापता होनेके मामले में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिसने अपहृत युवतीको सकुशल बरामद करते हुए गाजियाबादके एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राहुल उर्फ राहुल कुमार चौधरी, पिता दिलीप चौधरी, निवासी गोवापुर, थाना कौशांबी, जिला गाजियाबादके रूप में हुई है। पुलिसने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एसएसपी कार्यालयसे बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बीते 12 अक्टूबरको युवतीकी मां ने शेरघाटी थानेमें आवेदन देकर अपनी पुत्री के लापता होनेकी शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को बताया था कि उनकी पुत्री प्रोजेक्ट कन्या स्कूल, शेरघाटी गई थी, लेकिन काफी देर बीत जाने के बाद भी घर नहीं लौटी। परिजनों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन युवती का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई। मामले में शेरघाटी थाना कांड संख्या 503/26 दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। युवतीकी बरामदगीके लिए थानाध्यक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आसूचना संकलन किया। इसके बाद पुलिसने युवती को सकुशल बरामद कर लिया और मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपीको न्यायिक हिरासतमें भेजते हुए मामलेमें आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

न्यायालय,
श्रीमान मुंसिफ (तृतीय), गयाजी, बिहार।

टाईटिल सूट 432/2026 / 17/2026
संजय पासवान पिता स्व. रामपति पासवान साकिन ग्राम आलम बिगहा, थाना बेलागंज, पोस्ट रौना, जिला गया (बिहार)....................वादी

बनाम

01. अरविन्द पासवान 02. अनिल पासवान दोनों पिता स्व. विजय पासवान, 03. गनौरी मांझी पिता स्व. सुखु मांझी, सभी साकिन ग्राम आलम बिगहा, थाना बेलागंज, पोस्ट रौना, जिला गया (बिहार)......प्रतिवादीगण

वजरिये नोटिस आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आपलोगों के विरुद्ध उपरोक्त वाद मेरे न्यायालय में लाया गया है जिसमे ग्राम आलम बिगहा, थाना बेलागंज, पोस्ट रौना, जिला गया (बिहार) अवस्थित है खाता संख्या 59, CS प्लाट संख्या 137, रकबा 28 डिसमिल है। आपलोगों के विरुद्ध मेरे न्यायालय द्वारा नजारत एव निबंधित डाक के माध्यम से सम्मन नोटिस की कारवाई की जा चुकी है परन्तु आपलोग आज तक उपस्थित नहीं हुए है। अत: दैनिक समाचार पत्रके माध्यम से अंतिम सूचना भेजी जा रही है कि अगली निर्धारित तिथि 26.11.2026 को 10.30 बजे दिन में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे अन्यथा आपलोगों के विरुद्ध एकपक्षीय सुनवाई कर दी जायेगी। इसे ताकीद जाने। आज दिनांक 27.10.26 को न्यायालय के मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

मुंसिफ (तृतीय), गयाजी, बिहार।
27.10.26

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, जमुई
पुनः अति अल्पकालीन नीलामी आमंत्रण सूचना संख्या–07/2026–27

भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, जमुई के जमुई जिलान्तर्गत सोनो प्रखंड के प्रखंड–सह–अंचल कार्यालय परिसर में अवस्थित जर्जर भवनों को ध्वस्त करने एवं उसके पश्चात् टूटे हुए सामग्रियों (उपयोगी/अनुपयोगी मलवा) इत्यादि को हटाने हेतु खुली नीलामी आमंत्रित की जाती है। यह नीलामी अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक–12.11..2026 को 02:00 बजे अपराह्न में की जाएगी।

क्र0	स्थल/भवन/संरचना का नाम	नीलामी की न्यूनतम राशि	जमानत की राशि	नीलामी में भाग लेने हेतु आवश्यक राशि (O-GRAS) Non Refundable	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	**Dismantling of Materials of Old Staff Qtr, Sono (Jamui) Near New Block Building Sono, Jamui For the Year 2026-27**	₹ 35,500.00	₹ 2000.00	₹ 500.00	07 दिन

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, जमुई

PR. No. 014342 (BCD) 2026-27

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में नामांकन हेतु आनलाइन आवेदन

गयाजी। सहायक निदेशक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण, गया द्वारा बताया गया कि बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा राज्य में निवासरत अल्पसंख्यक समुदाय मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन एवं पारसी) के छात्र-छात्राओं के लिए संचालित अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत कक्षा 9वीं एवं 11वीं में नामांकन हेतु आनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। राज्य के विभिन्न जिलोंमें संचालित इन आवासीय विद्यालयों में नामांकन के लिए निर्धारित कार्यक्रम निम्नवत है। नामांकन संबंधी महत्वपूर्ण तिथियाँ- आनलाइन आवेदन की अवधि 15 अक्टूबर 2026 से 03 नवंबर 2026 तक। प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने की तिथि 07 नवंबर 2026 से 10 नवंबर 2026 तक। प्रवेश परीक्षा की तिथि 12 नवंबर 2026। परीक्षा परिणाम प्रकाशन की तिथि 25 नवंबर 2026। नामांकन की अवधि 01 दिसंबर 2026 से 07 दिसंबर 2026 तक। शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने की तिथि 08 दिसंबर 2026। कक्षा 9वीं में नामांकन हेतु अधिकतम आयु सीमा 16 वर्ष तथा कक्षा 11वींमें नामांकन हेतु अधिकतम आयु सीमा 18 वर्ष निर्धारित है। अभ्यर्थियोंके नाम पर पारिवारिक वार्षिक आय की अधिकतम सीमा 6 लाख रुपये निर्धारित है। आवेदन के दौरान अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत जाति, आय एवं आवासीय प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्रोंकी स्व-अभिप्रमाणित प्रति, फोटोग्राफ, हस्ताक्षर एवं आयु संबंधी प्रमाण-पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।

टिकारी में राजस्व वसूली अभियान के तहत 2 लाखकी वसूली

गयाजी। बुधवार को टिकारी नगर परिषद क्षेत्र में बकाया राजस्व की वसूली हेतु कार्यपालक अभियंता विनोद कुमार की अध्यक्षता में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अधिक बकाया राशि वाले विद्युत उपभोक्ताओं के परिसरों का निरीक्षण किया गया तथा बकाया विद्युत विपत्र का भुगतान सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 2 लाख रूपये की राजस्व वसूलीकी गई। वहीं, बकाया राशिका भुगतान नहीं करनेवाले 10 उपभाक्ताओं का अस्थायी रूप से विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किया गया।

विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे अपने बकाया विद्युत विपत्रका भुगतान समय पर करें, ताकि विद्युत कनेक्शन विच्छेद जैसी कार्रवाई से बचा जा सके। विभाग द्वारा राजस्व वसूली को लेकर इस प्रकार का अभियान आगे भी जारी रखा जाएगा।

जनता दरबारमें सुनी आमजनों की समस्याएँ

गयाजी। जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने समाहरणालयमें आये अनेकों फरियादियों को देख उनकी समस्याओं को सुना गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लगभग 40 से अधिक आमजनोंकी समस्याएँ सुनीं गयी। इस अवसर पर भूमि विवाद, आवास योजना, स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें, पेंशन योजना, मुआवजा, आरटीपीएस, शिक्षा विभाग से संबंधित विषयों समेत अन्य मामलों को लोगों ने जिलाधिकारीके समक्ष रखा।

ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT
Govt. of Bihar
Office of the Executive Engineer, Road Division, Banka
E-mail ID- ee-rd-banka-bih@nic.in, eercdbanka@rediffmail.com, Mob. No.- 9470001267

F2 BASED DETAILED NOTICE INVITING TENDER
(through e-procurement mode only-(http://www.eproc2.bihar.gov.in)
TENDER NOTICE
NIT NO.- 16/RCD/BANKA/2026-27

1. Designation and Address of the Advertiser : Executive Engineer, RCD, Road Division, Banka
2. Date of issue of Notice inviting Tender : 23.10.2026
3. Start date & Time for Downloading and uploading the Bid documents : **From 06.11.2026(10.00**hours) on https://www.eproc2.bihar.gov.in
4. Last date & Time for Downloading and uploading the Bid documents : **21.11.2026 till time 15.00 hours** on https://www.eproc2.bihar.gov.in
5. Last Date, Time & Place for submission of original instrument of EMD & uploading of tender document by the bidders, and cost of BOQ : **23.11.2026, Time- 15.00** hours or next working day of
   Place for submission : office of the –
   (i) Executive Engineer, RCD, Road Division, Banka.
   (ii) Superintending Engineer, EBC, RCD, Bhagalpur
   (iii) Chief Engineer ,Simanchal Wing, RCD Bihar, Patna
6. Date, Time & Place of opening of Finacial Bid : Office of the Executive Engineer, RCD, Road Division, Banka **24.11.2026, Time-15.30 hours**
   Place- on website https://www.eproc2.bihar.gov.in

Sl. No.	Name of work	Estimated / B.O.Q. Amount (in Rs.)	Earnest money (in Rs.)	Cost of B.O.Q. (in Rs.)	Bid Processing Fee through online mode on for Beltron (Non-Refundable) (in Rs.)	Time of completion of work (in month)
1	2	3	4	5	6	7
1	Work for Washing, Painting and Repairing of Amarpur IB Under Road Division, Banka for the Year 2026-27	*2746458.00*	*55000.00*	*5000.00*	*1180.00 or as applicable on the website of eproc2.bihar.gov.in*	2 Month

3. Bid Validity: 120 Days.
4. Any contractor registered in appropriate class (III & II) in R.C.D. Bihar may participate in this tender.
5. Detailed NIT can be seen on website http://www.eproc2.bihar.gov.inor on the notice board of the office of the undersigned.

Executive Engineer,
Road Division, Banka

PR. No. 014335 (RCD) 2026-27

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

बिहार सरकार

समाहरणालय, नवादा
(मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग)
अल्पकालीन आम नीलामी सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवादा जिलान्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों/उत्पाद वादों में राज्यसात किये गये निम्नलिखित वाहनों को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत् आम नीलामी (Public Auction) क्रमशः दिनांक **13.11.2026, 20.11.2026, 26.11.2026** को समाहरणालय, नवादा में 11:00 बजे पूर्वाहन से की जायेगी। नीलामी योग्य वाहनों की सूची निम्नवत है :–

क्र. सं.	थाना का नाम	थाना काण्ड संख्या	वाहन का प्रकार	निबंधन संख्या	निबंधन का वर्ष	इंजन संख्या	चेचिस संख्या	मूल्यांकित राशि	अग्रधन की राशि	वाहन की अवस्थिति	वाहन मालिक का विवरणी
01	उत्पाद थाना, नवादा	449/25	HERO SPLENDOR PLUS MOTORCYCLE	JH04U/8148	22-Sep-20	HA11EVLHJ01954	MBLHAW111LHJ02536	20000.00	2000.00	बुधौल	विजय सोरेण, पिता–गोपाल सोरेण, ग्राम–सिकटिया, पोस्ट–सिकटिया, थाना–जामा, जिला–दुमका, (झारखण्ड)–814118
02	उत्पाद थाना, नवादा	373/25	BAJAJ CT 110 MOTORCYCLE	JH12/9011 (JH12L/9011)	31-Jan-20	PFYRKG41118	MD2B37AY9KRG75385	14000.00	1400.00	बुधौल	सरोज राजवंशी, पिता–सहदेव राजवंशी, ग्राम–हाथोचक, बहादुरपुर, जिला–नवादा, (बिहार)–805125
03	उत्पाद थाना, नवादा	324/25	HONDA SHINE MOTORCYCLE	JH02AN/8530	27-Sep-16	JC73E80105649	ME4JC731GG8052930	18000.00	1800.00	रजौली चेक पोस्ट	शंकर कुमार सिंह, पिता–स्व० राज कुमार सिंह, सा०– H No. 41 amawan Banshgopal, थाना–रजौली, जिला–नवादा, (बिहार)
04	मुफस्सिल थाना	202/25	AULTO CAR	JH01AL/0994	23-Mar-11	F8DN4590583	MA3EA61S01823148	35000.00	3500.00	मुफस्सिल थाना	श्री दिनेश कुमार, पिता–मुंद्रिका प्रसाद, ग्राम–तपखास मेन रोड, राँची, (झारखण्ड)–834001
05	मुफस्सिल थाना	331/25	BALENO CAR	JH09BA/9575	19.09.2022	K12NP7099285	MBHHWB13SNG209684	500000.00	50000.00	मुफस्सिल थाना	श्री सोनु कुमार डॉगी, पिता–नवल किशोर डॉगी, ग्राम–नगवाँ, थाना–इटखोरी, जिला–चतरा (झारखण्ड)–825408
06	गोविन्दपुर थाना	305/25	HONDA SP 125 MOTORCYCLE	JH11AQ/2403	18-Apr-24	JC94EG0623236	ME4JC941DRG167428	60000.00	6000.00	गोविन्दपुर थाना	अखिलेश कुमार, पिता–रामगिलास तुरिया, ग्राम–एकतारा सुघड़ी, जिला–नवादा (बिहार)–805126
07	गोविन्दपुर थाना	90/25	GLAMOUR MOTORCYCLE	JH01BU/1773	7-Dec-15	JA06EJFGK31701	MBLJA06ANFGK14277	12000.00	1200.00	गोविन्दपुर थाना	मनीष कुमार, पिता–श्री बाल्मिकि सिंह, ग्राम–मकान नं० 126, सैनिक कॉलोनी दम, पोस्ट–बूटी पी.एस., थाना–राँची जिला–राँची, (झारखण्ड)
08	गोविन्दपुर थाना	31/25	TATA MOTOR INDICA CAR	JH10AW/1019	15-Oct-15	475IDI03GUYP43267	MAT600185FPG29232	60000.00	6000.00	गोविन्दपुर थाना	एम.एस. श्री अम्बिका ट्रैवल्स, आइ.सी.–अनुराग बांका, पता–धनसार, धनबाद, (झारखण्ड)
09	गोविन्दपुर थाना	294/25	HONDA CB HORNET MOTORCYCLE	JH02AZ/7742	29-Jul-18	KC23EA4000884	ME4KC23LDKA000348	25000.00	2500.00	गोविन्दपुर थाना	रूपेश कुमार पाण्डे, पिता–जीबलाल पाण्डे, ग्राम–बरहीडीह बरही, जिला–हजारीबाग, (झारखण्ड)–825405
10	उत्पाद थाना, नवादा	560/25	MARUTI SUJUKI DEZIRE CAR	JH01FA/1143	28-Mar-23	K12NP7228110	MBHCZFB835PB394110	400000.00	40000.00	शराब डिपो	दिपा कुमार, पिता–राजु वर्मा, ग्राम–दुर्गा मंदिर के पास, श्री नगर राँची (झारखण्ड)–834001
11	उत्पाद थाना, नवादा	146/25	YAMAHA R15 MOTORCYCLE	JH12R/5947	3-Nov-24	G3N4E0805675	ME1RG67H8R0032329	95000.00	9500.00	शराब डिपो	रवि रंजन, पिता–जहेन्द्र यादव, ग्राम–तुरियाडीह शेखोदेवरा, थाना–कौआकोल, जिला–नवादा, (बिहार)–805106
12	उत्पाद थाना, नवादा	919/23	HONDA SHINE MOTORCYCLE	JH12E/5520	2-Oct-14	JC36E-7-3167235	ME4JC36JMD7714821	11000.00	1100.00	रजौली चेक पोस्ट	सुरेश राणा, पिता–स्व० महावीर राणा, ग्राम–तिलैया बस्ती बाइपास रोड, थाना–झुमरी तिलैया, जिला–कोडरमा (झारखण्ड)

विशेष जानकारी के लिए कार्यालय अधीक्षक मद्य निषेध, नवादा से सम्पर्क किया जा सकता है nawada.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

(कृते समाहर्त्ता, नवादा)
अधीक्षक मद्यनिषेध, नवादा

नीलामी की विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR- 014215 (Excise) 2026-27

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।